**खबर संक्षेप**

### रातों-रात बन गया सड़क और नाले के ऊपर अवैध अतिक्रमण

**मैहर।** रेलवे स्टेशन के में गेट पर रातों-रात नाली और सड़क के ऊपर दुकान तान दी गईं। जिसकी भनक भी किसी को नहीं लग पाई देखा जाए तो अभी कुछ दिन पहले ही अतिक्रमण खाली करने की कार्यवाही रेलवे स्टेशन के मेन गेट पर की गई थी और उस दौरान बाउंड्री गिरने के बाद अवैध निर्माण कार्य करने का काम भी शुरू कर दिया गया।सड़कों से अतिक्रमण हटा दिया गया लेकिन नाले के ऊपर बनी किराना दुकानों को तोड़ने में प्रशासन को पसीना छूट रहा है।

### अग्निवीर वायु चयन कार्यशाला का आयोजन

**मैहर।** भारतवर्ष के युवाओं को सेना में करियर के लिए प्रेरित करने तथा उन्हें वायुसेना,थलसेना एवं नौसेना में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय वायुसेना द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 15 एयरमैन सिलेक्शन सेंटर,भोपाल के तत्वावधान में अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देने हेतु आयोजित किया गया।

### बलात्कार का आरोपी पुणे से गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस ने शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करने के आरोपी आनंद कुमार गुप्ता 32 वर्ष को पुणे,महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल,नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी. सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में की गई।पीड़िता ने 24 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी आनंद कुमार गुप्ता,निवासी कंधी गली,टिकुरिया टोला,कोलगवां,सतना ने 2021 से अप्रैल 2025 तक उससे शादी का वादा कर दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर अपराध क्रमांक 406/25,धारा 69 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक पुलिस टीम पुणे रवाना की गई,जिसने आरोपी आनंद कुमार गुप्ता को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्य में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार,उप निरीक्षक अजीत सिंह,सउनि विनोद रैकवार,सउनि रोहिणी प्रसाद वर्मा और प्रधान आरक्षक 564 तान सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नए आपराधिक कानूनों को एक साल पूराः पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**सतना।** भारतीय न्याय संहिता,भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जैसे नए आपराधिक कानूनों को लागू हुए एक साल पूरा हो गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के आदेशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल के नेतृत्व में जिले भर में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ग्रामीण,नगर,ग्राम रक्षा समिति के सदस्य और गणमान्य नागरिकों को नए कानूनों से अवगत कराया गया। एएसपी शिवेश सिंह बघेल ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ई-एफआईआर,डिजिटल प्रक्रियाओं और नागरिक हित के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। सतना कंट्रोल रूम में सीएसपी के नेतृत्व में थाना कोलगवां,सिटी कोतवाली और कोलगवां के थाना प्रभारियों की मौजूदगी में कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं,जहां स्टाफ को नए कानूनों की व्याख्या कर नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। नए कानूनों के तहत ई-एफआईआर की सुविधा प्रदान की गई है,जिससे कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से एमपी पुलिस वेबसाइट,एमपी कॉप ऐप या सिटीजन पोर्टल के माध्यम से एफआईआर दर्ज करा सकता है। साथ ही,किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है।

## जिला पंचायत कार्यालय में मनमानी, जनप्रतिनिधि नाखुश

# आज तालाबंदी का ऐलान, सीईओ के तबादले की मांग

जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने जिला पंचायत कार्यालय को भ्रष्टाचार का अड्डा बताया है। बुधवार को एक में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि यहां पर भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने गुरुवार को जिला पंचायत कार्यालय में तालाबंदी और अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का ऐलान किया है।




सतना।

ज्ञानू ने कहा कि यह आंदोलन तभी खत्म होगा जब जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का तबादला हो जाएगा।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्यों की समय सीमा और गुणवत्ता की कोई मानीटरिंग नहीं हो रही है। जो काम 06 माह में होना चाहिए उसमें 02 वर्ष से ज्यादा समय लग रहा है। पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग से आने वाले दिशा निर्देशों की अनदेखी की जाती है और हम जनप्रतिनिधियों को उनके साथ साथ योजनाओं की जानकारियों से अनभिज्ञ रखा जाता है।ग्रामीण विकास से सम्बंधित किसी भी प्रकार की योजनाओं का संचालन से पहले सदन में कोई चर्चा नहीं की जाती है।क्षेत्र में औचित्यहीन कार्यों को अंतिम रूप देकर शासन की राशि बर्बाद की जा रही है। जिला पंचायत के सामान्य सम्मिलन,सामान्य प्रशासन स्थाई समितियों की बैठकों में हुई चर्चाओं की कार्यवाईयां नहीं लिखी जाती हैं। जो लिखी भी जाती हैं उनके मायने बदल दिए जाते हैं। इतना ही नहीं सदस्यों को न तो कार्यवाई विवरण दिए जाते और न ही सदन में हुई चर्चाओं का गंभीरता से समाधान कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है। आरोप लगाया गया है की ग्रामीण क्षेत्र में विकास के लिए जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। जिन पर जाँच के दौरान आरोप तय किये गए हैं,विकास कार्यों और प्रशासनिक उत्तरदायित्वों के प्रति लापरवाही के साक्ष्य हैं,उनकों जिला पंचायत सतना से प्रशासनिक संरक्षण दिया जाकर उपकृत किया जाता है। जिला पंचायत में सामान्य सम्मिलन। सामान्य प्रशासन। स्थाई समितियों की नियमित बैठकों के आयोजन में जिला पंचायत प्रशासन गंभीर नहीं है। 06-06 माह तक बैठकें आयोजित नहीं की जाती हैं।कुछ स्थाई समितियों की बैठकें तो 01 वर्ष से ज्यादा समय से नहीं हुई हैं। इतना ही नहीं सदस्यों के द्वारा पारित प्रस्ताओं पर विशेष विषों की चर्चा के लिए प्रस्तावित बैठकों का आयोजन भी नहीं कराया जाता है। विगत 04 अवसर से अध्यक्ष जिला पंचायत के द्वारा सामान्य सम्मिलन व सामान्य प्रशासन समिति की बैठक के लिए पत्राचार किया जा रहा है। अभी हाल ही में तीसरी बार 29 मई को सामान्य सम्मिलन व 3 जून को सामान्य प्रशासन समिति की तथा चौथी बार 27 जून को सामान्य सम्मिलन व 3 जुलाई को सामान्य प्रशासन समिति की बैठकों की तारीखों को निरस्त कर दिया गया है। उनका कहना है कि उनके रहते जिला पंचायत में किसी प्रकार की कोई भी बैठक जनप्रतिनिधियों के साथ नहीं होगी,जिसे जो करना है वह वो करे। जिला पंचायत में साफ-सफाई,पेयजल व्यवस्था, सामान्य स्टेशनरी व्यवस्था,जन सामान्य के लिए बैठक व्यवस्था आदि की व्यवस्थायें लगातार बोलने के बावजूद भी नहीं की जा रही हैं। जिला पंचायत के संविदा कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन का भुगतन नहीं किया जा रहा है,कुछ कर्मचारी तो पिछले कई माह से वेतन नहीं पा रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा अपने हक की सामान्य बात करने पर क्रेडिट रिपोर्ट (सीआर) बिगाड़ने की सीईओ द्वारा धमकी दी जाती है।

## बिजली का बिल जमा नहीं करने पर 779 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए



**सतना।** शहर संभाग बिजली का बिल जमा नहीं करने वालों की बिजली के कनेक्शन काटने का विशेष अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत बुधवार को 779 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए। कनेक्शन काटने का अभियान सवेरे 8 बजे से शुरू किया गया और देर शाम तक चला। जिसकी राशि 14.89 लाख है। शहर के सहायक अभियंता राजस्व अवनीश पांडे ने बताया कि पूर्व में सभी को नोटिस जारी था एवं लगातार फोन के माध्यम से उन्हें सूचना दी गई,जिसके बाद भी पेमेंट न होने पर कनेक्शन काटा गया। कोलगवां वितरण केंद्र में 176 कनेक्शन 4.45 लाख,मुख्तियारगंज में121 कनेक्शन 3.14 लाख,टाऊन में 144 कनेक्शन 2.41 लाख,टिकुरिया टोला में 113 कनेक्शन 1.67 लाख और आरईएस में 171 कनेक्शन 3.22 लाख के काटे गए। कनेक्शन काटने के लिए कोलगवां में 6 टीम,मुख्तियारगंज में 6 टीम,टाऊन में 5 टीम,टिकुरिया टोला में 4 टीम और आर ई एस में 7 टीम मिलकर कुल 28 टीम ने कनेक्शन काटे। कनेक्शन काटने की विशेष टीमों में शहर के 51 कर्मचारी और ग्रामीण से विशेष रूप से 27 कर्मचारी मिले है। कुल 78 कर्मचारी सिर्फ कनेक्शन काटने में लगाए गए है। अधिकारियों के मुताबिक दिन भर कनेक्शन काटने के बाद सभी कंप्लेंट सेंटर में कनेक्शन जुड़वाने वालो की भीड़ लगी रही। जानकारी अनुसार कनेक्शन जोड़ने की 347 कॉम्प्लेंट शाम तक दर्ज हो चुकी थी। जिनके भी कनेक्शन काटे गए है उन्हें जुड़वाने के लिए नियमानुसार 340 रुपए आरसीडीसी चार्ज देय होगा जिसको जमा करने के बाद ही कनेक्शन जोड़े जा सकेंगे। विभाग द्वारा वो सभी उपभोक्ता जिन्होंने अपना अपना बिल जमा नहीं किया है उनसे बिल जमा करने की अपील की है। ये अभियान लगातार जारी रहेगा जिसमें 7454 कनेक्शन एक सप्ताह में काटने है।

## मैहर में नकली सोना बेचकर 17 लाख की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

मैहर,सतना।



मैहर पुलिस ने नकली सोना बेचकर 17 लाख रुपये की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं और एक युवक शामिल है। आरोपियों में से एक को पन्ना से,जबकि दो महिलाओं को मैहर के हरनामपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। यह मामला मैहर के प्रसिद्ध केदार ज्वेलर्स का है। कुछ दिन पहले मध्यांचल बैंक के एक मैनेजर ने दो महिलाओं के साथ मिलकर ज्वेलर्स मालिक मुकेश सोनी को बैंक की गारंटी पर हॉलमार्क लगे हुए सोने की बिक्री की पेशकश की। सोने की शुद्धता देखकर मुकेश सोनी ने नकद 17 लाख रुपये देकर सोना खरीद लिया। इसके बाद बैंक मैनेजर और दोनों महिलाएं बचा हुआ सोना और पैसे लेकर चले गए। कुछ दिन बाद मुकेश सोनी को सोने की गुणवत्ता को लेकर शक हुआ,तो उन्होंने सोने की जांच सतना स्थित हॉलमार्क सेंटर में करवाई। जांच में सामने आया कि पूरा सोना नकली है। इस खुलासे के बाद उन्होंने मैहर थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच करते हुए दो महिला आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की,जिसमें पन्ना निवासी एक युवक का नाम सामने आया। देर रात उसे भी पन्ना से गिरफ्तार कर लिया गया।

### गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम

पूजा सिंह,पिता अशोक सिंह,उम्र 24 वर्ष,निवासी विवेक नगर,मैहर पूनम सिंह,पिता अशोक सिंह,उम्र 25 वर्ष,निवासी विवेक नगर,मैहर प्रतीक शर्मा उर्फ प्रणामी, पिता हितेंद्र शर्मा, उम्र 25 वर्ष,निवासी धाम मोहल्ला, प्रणामी मंदिर के पास, कोतवाली पन्ना, जिला पन्ना है। तीनों आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में अपराध क्रमांक 571/25 दर्ज कर, धारा 61 (2), 318(2), 318(4) के तहत कार्रवाई की गई है।

## पटवारी पर झूठी एफआईआर का आरोप, कांग्रेस ने खोला मोर्चा

मैहर।



कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन पर पटवारी के खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिखने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने कार्यप्रणाली और झूठे प्रकरणों की बढ़ती घटनाओं के विरुद्ध विरोध दर्ज कराते हुए एक गंभीर ज्ञापन पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश को प्रेषित किया। यह ज्ञापन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध थाना मुंगावली,जिला अशोकनगर में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की माँग को लेकर सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी पर लगाया गया आरोप न केवल राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है,बल्कि एक सोची-समझी साज़िश के तहत उन्हें बदनाम करने की कोशिश वह विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास है। घटना का विवरण देते हुए कांग्रेसजनों ने कहा कि ग्राम मुंडरा निवासी लोही बंधुओं के साथ विवाद के चलते जो मारपीट की रिपोर्ट हुई,उसमें श्री पटवारी का नाम जोड़कर उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान पहुँचाने की मंशा स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। जो लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि यह एफआईआर वीडियो साक्ष्यों व तथ्यों की पूर्ण उपेक्षा कर पूर्वनियोजित षड्यंत्र का परिणाम है। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को यह ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में ब्लाक अध्यक्ष रावेंद्र सिंह,वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद चौरसिया,मनीष पटेल, पुष्पराज सिंह,ध्यानेश घई,चूड़ामणि बाड़ोलिया राजबाबू सिंह दुर्गेश पटेल,अच्छे कुमार दहिया, मोहम्मद शरीफ,वीरेंद्र नामदेव,अजय बंसल दीनदयाल कोल,नसीब खान,पंकज सोनी,बहादुर यादव, शनि सिंह,दमड़ी चौधरी,शारदा पटेल जान मोहम्मद समेत अनेक वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे। ज्ञापन में यह भी चेताया गया कि यदि इस झूठे प्रकरण को तत्काल निरस्त नहीं किया गया,तो कांग्रेसजन लोकतांत्रिक तरीकों से उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को सबसे पसंदीदा कार्यस्थल 2025-26 के रूप में सम्मानित किया गया

**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड(सीमेंट डिवीजन) को सबसे पसंदीदा कार्यस्थल 2025-26 के रूप में सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार टीम मार्क्समेन नेटवर्क द्वारा लीडकैप वेंचर्स (रिसर्च पार्टनर) के सहयोग से और इंडिया टुडे,ईवाई व बिजनेस स्टैंडर्ड जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ मिलकर आयोजित समारोह में कृपाशंकर सिंह,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी व पूर्व ग्रहमंत्री महाराष्ट्र सरकार के हाथों कंपनी के सीईओ एंड एक्जक्यूटिव डायरेक्टर राकेश जैन,सीएचआरओ प्रवीर कुमार रे,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा,असिस्टेंट मैनेजर सुशील कुमार एवं असिस्टेंट मैनेजर देवेन्द्र कुमार पटेल ने प्राप्त किया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह पुरस्कार ऐसे संगठनों को दिया जाता है जो कार्यस्थल संस्कृति, कर्मचारी संतुष्टि और प्रतिभा प्रबंधन में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हैं। 5वें संस्करण के इस सम्मान समारोह में देश की अग्रणी 45 कंपनियों को यह खिताब प्राप्त हुआ,जिनमें टीसीएस,हिंडाल्को,अड़ाणी गैस,एनटीपीसी,एचपीसीएल,रेमंड और प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) शामिल हैं। यह सम्मान कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया का परिणाम है,जिसमें संगठन के नेतृत्व में विश्वास,करियर विकास के अवसर,कार्य-जीवन संतुलन,मूल्य-आधारित संस्कृति और कर्मचारी फीडबैक जैसे प्रमुख पहलुओं पर गहराई से मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) के सीईओ राकेश जैन ने कहा कि यह पुरस्कार न केवल हमारे कार्यस्थल की सकारात्मक संस्कृति और पेशेवर मूल्यों को दर्शाता है,बल्कि हमारी टीम के हर सदस्य के योगदान और समर्पण का भी सम्मान है। हम मानते हैं कि एक प्रेरणादायक,लोगों-केंद्रित कार्य वातावरण ही किसी संगठन की दीर्घकालिक सफलता की आधारशिला होता है। मैं प्रिज्म परिवार के प्रत्येक सदस्य को इस सम्मान के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। यह आपकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज हम देश के सर्वोत्तम कार्यस्थलों में गिने जा रहे हैं। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन को सबसे पसंदीदा कार्यस्थल 2025-26 के रूप में सम्मानित किये जाने पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय अग्रवाल,कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन,सीएचआरओ प्रवीर कुमार रे, प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष सिंह,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा एवं अन्य वरिष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## आजाद चौक में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** सिटी कोतवाली ने आजाद चौक गली नं. 2 वार्ड क्र. 40 के सुनील कुमार रवि के यहां हुई लाखों के जेवरात व नगदी चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के मुताबिक 27 जून को फरियादी सुनील कुमार रवि पिता कुंजीलाल रवि 57 वर्ष निवासी आजाद चौक गली नंबर 2 वार्ड क्रमांक 40 ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 17 जून को सास का स्वर्गवास हो जाने के कारण घर में ताला बंद कर ये लोग रीवा चले गए थे। इनके सूने घर में 25-26 जून की दरमियानी रात अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़ कर कमरे में रखी आलमारी का लॉक तोड़ कर सोने-चांदी के जेवरात व नगदी 80,000 रुपये चोरी कर ले गए है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 442/2025 में 305(ए),331(4) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की विवेचना तत्परता पूर्वक की जाकर चोरी गए मशरुका एवं अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु टीम गठित कर आरोपी अभिषेक उर्फ बाबू लोधी पिता रामजी सोनी उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 40 बजरहा टोला एवं आरोपी पियूष उर्फ बबूल वंशकार पिता होरीलाल वंशकार 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 39 बजरहा टोला थाना सिटी कोतवाली को 30 जून को गिरफ्तार कर आरोपियों की निशानदेही पर आरोपी अभिषेक से तीन जोड़ी चांदी की पायल,एक नग सोने की अंगूठी, एक नग कान का सोने का झाला,पांच नग छोटी बड़ी नाक की कील एवं नगदी 3500 रुपये बरामद किया गया तथा आरोपी पियूष से एक नग चांदी की हाफ कर्धन तथा दो नग सोने की अंगूठी व 4000 रुपये नगदी बरामद किया गया।

## मैहर में बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से लोगों को मिली राहत

मैहर।

मानसून की इंट्री के बाद बीते दस दिनों मैहर में हल्की फुल्की बूंदा बांदी का दौरा चलता रहा वहीं आसमान में काले बादल आते जाते दिखाई दे रहे थे तेज धूप से उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी थी। मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप रही जिसके बाद दोपहर होते तक अचानक मौसम ने करवट ली और मैहर जिले के कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई शाम होते तक मौसम में ठंडक आ गई।

### मैहर जिले में अब तक 120 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज



मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 1 जुलाई 2025 तक 120 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 122 मि.मी.,मैहर में 93.5 मि.मी.एवं रामनगर में 144.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 117.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रगीत के सामूहिक गान के साथ हुई शासकीय कार्य की शुरूआत



**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर सुरेश कुमार की उपस्थिति में मई माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन के संगीतमय सामूहिक गान के साथ शासकीय कामकाज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### ओम प्रकाश उर्फ प्रकाश खरे का दुखद निधन



**पन्ना।** पन्ना नगर पालिका मैं पदस्थ वरिष्ठ कर्मचारी पन्ना शहर के आगरा मोहल्ला निवासी श्री ओम प्रकाश खरे उर्फ प्रकाश खरे जी का मंगलवार को लम्बी बीमारी के चलते जबलपुर में उपचार के दौरान दुखद निधन हो गया है। पन्ना नगर पालिका के वरिष्ठ कर्मचारी प्रकाश खरे के दुखद की जानकारी जैसे ही शहर के लोगों को प्राप्त हुई, पूरे शहर में शोक का माहौल व्याप्त हो गया है। श्री खरे के निधन पर पन्ना शहर के कर्मचारी गणमान्य नागरिकों पत्रकार बंधु समाज सेवियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। भगवान उनको अपने श्री चरणों मे स्थान दें।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए मिलेगी राशि

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार, 4 जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप की राशि वितरित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे ने बताया कि पन्ना जिले के एक हजार 442 विद्यार्थियों को भी इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। भोपाल के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में चैथा स्थान प्राप्त करने वाले सांदीपनि विद्यालय पन्ना के छात्र रंजीत पटेल एवं 9वां स्थान प्राप्त करने वाली सांदीपनि विद्यालय अजयगढ़ की छात्रा चंचल विश्वकर्मा भी शामिल होंगी। मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय में लाइव टेलीकास्ट भी दिखाया जाएगा।

### एनीमिया मुक्त भारत बनाने सभी का सहयोग चाहता हूँ - कलेक्टर

**दमोह।** नव आरंभ शैक्षणिक सत्र के अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत आज शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सी एम राईज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँचे। उन्होंने कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थियों को आई.एफ.ए. टैबलेट का वितरण कराया और स्वयं भी गोली का सेवन कर सभी मौजूद विद्यार्थियों को आयरन टैबलेट का सेवन करने प्रेरित किया।

**पुलिस टीम ने रैपुरा थाना क्षेत्र में हाइवे पर चलते ट्रक पर लगी आग पर नजदीकी गड्ढे में भरे बरसात के पानी को मोटर पंप की मदद से प्रयोग कर आग पर पाया काबू**

# पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से टली बड़ी दुर्घटना



**पन्ना।** पन्ना जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुआंखेड़ा के पास दमोहदृकटनी हाईवे पर चलते ट्रक में अचानक आग लगने की सूचना मिलते ही पन्ना पुलिस ने त्वरित एवं साहसिक कार्रवाई करते हुए एक बड़ी दुर्घटना को समय रहते टाल दिया। दिल्ली से कटक (उड़ीसा) की ओर जा रहा था ट्रक, गुटखे से लदा था माल संबंधित ट्रक दिल्ली से कटक (उड़ीसा) की ओर जा रहा था, जिसमें राम निवास ब्रांड का गुटखा लदा हुआ था। हाईवे पर ग्राम कुआंखेड़ा के समीप ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पन्ना पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तत्काल पुलिस बल को रवाना किया। 'घटनास्थल पर पहुँचकर पुलिस टीम ने स्थिति का आकलन किया और फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुँचने में विलंब को देखते हुए पुलिस टीम ने अपने सीमित संसाधनों का कुशल उपयोग करते हुए स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से नजदीकी गड्ढे में भरे बरसात के पानी को मोटर पंप की मदद से प्रयोग में लाया और आग पर नियंत्रण पाया।

### निकट ही था बिजली का ट्रांसफॉर्मर और कच्चे घरों की आबादी

घटना-स्थल के पास ही एक विद्युत ट्रांसफॉर्मर और कच्चे घरों की घनी आबादी स्थित थी। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो एक भीषण हादसा और व्यापक जनहानि हो सकती थी। पुलिस द्वारा दिखाई गई तत्परता, सूझबूझ और जनसहयोग से न केवल एक बड़ी घटना टली, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि सेवा भावना, साहस और कार्यकुशलता हो, तो किसी भी संकट का सामना सफलतापूर्वक किया जा सकता है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी रैपुरा उनि. सन्तोष सिंह यादव व थाना स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त टीम के कार्य के प्रति सराहना व्यक्त की गई।



## शास. प्राथमिक शाला से श्रीमती सहराज बानो को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई

**पन्ना।** नगर पालिका पन्ना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जगात चैकी में पदस्थ श्रीमती सहराज बानो प्राध्यानाध्यापक को उनके अधीन सहायक अध्यापिका श्रीमती प्रतिमा बाला एवं श्रीमती स्मृति पाण्डेय द्वारा भावभीनी विदाई उनके सेवानिवृत्त होने पर दी गई। यद्पि प्रतिमा बाला चाईल्ड केयर लीप पर सितम्बर 2025 तक अवकाश पर फिर भी विदाई समारोह में सिरकत की। चूंकि दो शिक्षकीय शाला है इसलिए उनके परिवार को आमंत्रित किया गया था। सभी सदस्य उपस्थित भी रहे। श्रीमती सहराज बानो बड़ी ही सरल सहदय अपने ही कनिष्ठ स्टाप को अपनी छोटी बहनो का आदर देती रही उनका बराबर ध्यान रखती थी उन्होंने एक शिक्षिका के रूप में



अपनी सेवा 23 फरवरी 1983 में सिमरिया से प्रारंभ की। 1985 से 1988 तक अमानगंज, 1998 में हरदुआ तथा 2000 से 30 जून 2025 तक जगात चैकी में पदस्थ रहकर सेवा पूर्ण की। श्रीमती प्रतिमा बाला के सितम्बर 2025 तक अवकाश पर होने से श्रीमती स्मृति पाण्डेय को ही प्राभार ग्रहण करना पड़ा। वरना प्राध्यानाध्यापिका एवं वरिष्ठ प्रतिमा बाला ही है। वर्तमान दोनो सहायिक अध्यापिकाओं द्वारा उपहार भेंट कर आज विदाई दी गई। कार्यक्रम में बीएसी अंबुज खरे, अजय तिवारी तथा प्रदीप सर के आलावा एमडीएम स्टाफ मोहल्ले के गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं।

## वन परिक्षेत्र पवई की महेड़ा बीट में पौधरोपण कार्यक्रम एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**पवई। बुधवार को पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत महेड़ा बीट में पौधारोपण के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर भी संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोम पांडे ने स्वयं पौधा रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**
उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक व्यक्त दायत्व है साफ शुद्ध जलवायु तथा पृथ्वी पर संतुलन बनाए रखने के लिए धरती पर पेड़ो का होना जरूरी है। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल ,सर्वजीत दुबे,प्रदीप मिश्रा , रोहित गुप्ता, पुष्पेंद्र पाल न्यायालयीन कर्मचारी सूरज कबीर पंथी राकेश कुमार चैबे मोजूद रहे है कार्यक्रम वन विभाग और न्यायपालिका के बीच एक सराहनीय समन्वय का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना है।




### स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम पंजीयन के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों का नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सहित शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य तथा अनुसूचित जाति-जनजाति उत्कृष्ट, सीनियर व जूनियर छात्रावास अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में कहा गया है कि जनजातीय कार्य विभाग के निर्देशानुसार कक्षा 9वीं से महाविद्यालय में अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी, जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है एवं वार्षिक आय सीमा दो लाख 50 हजार रूपए से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लेने के उपरांत भविष्य में भी छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। इसके लिए पृथक से पुनः पंजीयन की आवश्यकता नहीं होगी।

# अनधिकृत कॉलोनी निर्माण के संबंध में प्रस्तुत करें आपत्ति

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अजयगढ़ के प्रतिवेदन पर अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में आगामी 24 जुलाई तक आपत्ति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जारी सार्वजनिक सूचना के तहत अवगत कराया गया है कि अजयगढ़ निवासी अनावेदकगण धीरेन्द्र कुमार पिता नरेन्द्र सिंह राठौर एवं शिवकुमार पिता संतोष गुप्ता द्वारा अजयगढ़ तहसील के ग्राम माधौगंज स्थित सर्वे नंबर 83/1/1/1/1/1/1/1/1/1 कुल रकवा 0.44 हे. भूमि पर कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से लेआउट स्वीकृति तथा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बगैर अनधिकृत कॉलोनी का निर्माण कर छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय करना पाया गया। इसके लिए रेरा में पंजीयन भी नहीं कराया गया था एवं न ही किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास किया गया। इस कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में की जा रही कार्यवाही के दृष्टिगत माधौगंज ग्राम की आम जनता व जनसामान्य द्वारा निर्धारित तिथि तक किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत की जा सकती है।

### जनकपुर में भी निर्धाणाधीन थी अनधिकृत कॉलोनी

जिला कलेक्टर द्वारा पन्ना तहसील के ग्राम जनकपुर स्थित सर्वे नंबर 59/1/1/1/1 रकवा 1.212 हे. भूमि पर पन्ना निवासी अनावेदकगण सुमन पति गौरीशंकर एवं रामरती पति रामसेवक गुप्ता तथा सर्वे नंबर 62/1/2 रकवा 0.270 हे. और सर्वे नंबर 62/1/2/2/1/1/1/1 रकवा 0.17 हे. भूमि पर पन्ना निवासी अनावेदकगण आशीष पिता राजकिशोर, रोशनी पति आशीष, मालती पति रामाधार, रामाधार पिता राजकिशोर, ध्रुव, स्नेहा एवं दिव्यांशी पिता रामाधार अग्रवाल और संदीप देवलिया द्वारा भी बगैर अनुज्ञा के कॉलोनी निर्माण पाया गया। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना एवं पटवारी हल्का नंबर 15 पन्ना के संलग्न प्रतिवेदन के आधार पर संबंधितजनों को आगामी 17 जुलाई तक कलेक्टर न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत करने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

### वर्षाकाल में झरना एवं जल प्रपात के अत्यधिक समीप जाने एवं सेल्फी पर लगाया प्रतिबंध



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेट सुरेश कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत धारा 163 का आदेश जारी कर बरसात के मौसम में पन्ना जिले के विभिन्न स्थानों पर झरना एवं जल प्रपात पर अत्यधिक समीप जाने एवं सेल्फी व फोटो लेने पर प्रतिबंध लगाया है। जिले के पन्ना तहसील के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्ना बायपास मार्ग पर स्थित किलकिला कुंड, कौवा सेहा, रानीपुरा सेहा, लखनपुर सेहा एवं कैमासन फाल चैकी मझगवां, मड़ला थाना अंतर्गत केन नदी पुल एवं पाण्डव फाल और बृजपुर थाना अंतर्गत बृहस्पति कुंड स्थल पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह अमानगंज तहसील के थाना अमानगंज क्षेत्र के पण्डवन एवं पवई तहसील के थाना पवई क्षेत्र अंतर्गत चांदा फाल (सिल्वर फाल) स्थल पर आगामी 2 माह तक प्रतिबंधात्मक आदेश प्रभावशील रहेगा। आदेश के उल्लघंन पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के अनुसार अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्षाकाल में झरना एवं जल प्रपात स्थल पर बड़ी संख्या में लोग पर्यटन के लिए एकत्रित होते हैं। इससे अत्यधिक समीप जाने और सेल्फी लेने के प्रयास में गहरे पानी में गिरने का खतरा बना रहता है। जिला मजिस्टेट द्वारा आमजन की सुरक्षा की दृष्टि से तथा मानव जीवन की सुरक्षा, लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

## वी मित्र एप का दिया प्रशिक्षण



**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पन्ना के नवागत अधीक्षण अभियंता प्रमोद कुमार गेदाम के निर्देशन में विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय पन्ना में वी मित्र एप का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता अमितेश कुमार मिश्रा एवं प्रोग्रामर दिनेश अहिरवार द्वारा उपस्थित विद्युत उपभोक्ताओं एवं विभागीय कर्मचारियों को एप इंस्टालेशन एवं उपयोग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में संभाग अंतर्गत 7 वितरण केन्द्र से चयनित लगभग 70 उपभोक्ता शामिल हुए। प्रशिक्षण में वी मित्र एप के जरिए उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत चोरी एवं अन्य 11 प्रकार की अनियमितताओं की जानकारी विभाग को प्रदान करने पर एवं जानकारी सही पाए जाने की स्थिति में 10 रूपए से 50 हजार रूपए राशि तक के ईनाम के बारे में अवगत कराया गया। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। प्रशिक्षण में सहायक अभियंता पन्ना एवं समस्त वितरण केन्द्र प्रभारी भी उपस्थित रहे।



# दो वर्षों से समकक्षता का इंतजार कर रहे आत्मा के कर्मचारी




**पन्ना।** कृषि संविदा अधिकारी कर्मचारी संघ की जिला इकाई पन्ना ने सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को कलेक्टर के द्वारा तथा संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को परियोजना संचालक आत्मा के द्वारा ज्ञापन देकर विगत 2 वर्षों से तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा संविदा कर्मचारी के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से विभाग के नियमित पदों के समकक्ष संविदा कर्मियों को समक्ष का देने के लिए 22 जुलाई 2023 को गाइडलाइन लागू की गई थी। जिसके परिपालन में प्रदेश के सभी संविदा कर्मचारियों के लिए उनके विभाग में समकक्षता की नीति लागू कर दी है लेकिन कृषि विभाग जैसी महत्वपूर्ण योजना में काम करने वाले आत्मा परियोजना के कर्मचारियों को आज दिनांक तक इससे वंचित रखा गया है इसी तारतम में आज पूरे प्रदेश के सभी आत्मा कर्मचारियों के द्वारा ज्ञापन देकर यह अवगत कराया गया है कि अगर 7 दिनों में आत्मा परियोजना के कर्मचारियों की समकक्षता लागू नहीं की जाती है तो अगले हफ्ते से भोपाल में हड़ताल कर अपनी मांग को रखने का काम किया जाएगा और तब तक काली पट्टी बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए विभागीय कार्य किए जाएंगे। संघ के जिला अध्यक्ष शिव मगल सिंह ने बताया कि हम लोगों की टीम 40 से 50 बार उच्च अधिकारियों से मिल चुकी है लेकिन ना विभाग के अधिकारियों पर ना ही विभाग के मंत्री जी पर हमारे भविष्य को लेकर किसी भी प्रकार का कोई सहयोगात्मक रवैया नहीं दिखाई दे रहा है इसी में से मजबूर होकर आज हम लोगों ने पूरे प्रदेश में ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात को रखने का काम किया है। ज्ञापन देने में जिला अध्यक्ष शिव मगल सिंह सचिव प्रेम नारायण पटेल, निलय सक्सेना प्रदीप पटेल जयचंद लोधी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस महानिरीक्षक सागर ज़ोन सागर की अध्यक्षता में पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना में आयोजित की गई अपराध समीक्षा बैठक




### हरियाली दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर पन्ना में वृक्षारोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पन्ना।** पुलिस महानिरीक्षक, सागर ज़ोन सागर श्रीमती हिमानी खन्ना के दिनांक 01 जुलाई 2025 को पन्ना पुलिस लाइन आगमन पर गार्ड द्वारा उन्हें जनरल सलामी दी गई। इसके पश्चात पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में उनकी अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त थानों के लंबित अपराध, महिला एवं बच्चों से संबंधित प्रकरणों, तथा शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की गई। आईजी महोदय ने अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए। आईसीजेएस एवं सीसीटीएनएस पोर्टल पर की गई प्रविष्टियों की भी जाँच की गई। थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने, शांति व्यवस्था बनाए रखने, तथा महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी रखने को कहा गया। इसके साथ ही पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि बारिश के मौसम को देखते हुए, बाढ़ संभावित क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण, नदी-नालों व जलभराव वाले स्थानों पर चेतावनी बोर्ड की व्यवस्था,खतरनाक/जर्जर भवनों, पेड़ों एवं दीवारों से नागरिकों को दूर रहने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाए। सोशल मीडिया पर चल रही आपत्तिजनक या भ्रामक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के साथ-साथ पीड़ति प्रतिकर योजना के अंतर्गत शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए।

**हरियाली दिवस पर वृक्षारोपणरू पर्यावरण संरक्षण की पहल**

बैठक के पूर्व हरियाली दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती हिमानी खन्ना द्वारा मुख्य रूप से पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उनके साथ पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस. थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चैहान एवं अन्य पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण किया।

# माध्यमिक शाला नारायणपुरा में हुआ पौधारोपण

**पन्ना।** पवई शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा के शिक्षक सतानंद पाठक ने अपने जन्मदिन को एक अनोखे और सराहनीय तरीके से मनाया है - पौधारोपण करके! यह एक अद्भुत पहल है जो न केवल पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि यह एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है जो दूसरों को भी प्रेरित कर सकता है। शिक्षक ने न केवल अपने जन्मदिन को यादगार बनाया है, बल्कि उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया है। यह एक



सराहनीय प्रयास है जो निश्चित रूप से दूसरों को भी प्रेरित करेगा। शिक्षक का जन्मदिन पौधारोपण के साथ मनाना एक सराहनीय पहल है, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि छात्रों को भी प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाता है।

### पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण

शिक्षक के जन्मदिन पर छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और मुहिम शुरू करने का संकल्प लिया। शिक्षक ने अपने जन्मदिन पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और शिक्षकों एवं बच्चों को विद्यालय में शपथ दिलवाई। जन्मदिन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा के शिक्षक ने अपने जन्मदिन पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाई।

## खबर संक्षेप

### जिपं सीईओ एवं चिकित्सकों ने किया पौधरोपण

छतरपुर। 1 जुलाई डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्रातः 10 बजे मेडिकल कॉलेज परिसर में प्रथम वृक्षारोपण जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह के आतिथ्य में किया गया जिसमें चिकित्सको, प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाजसेवियों तथा महर्षि विद्या मंदिर की छात्राओं द्वारा करीब 200 पौधों लगाए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हृदेश खरे, डॉ महेंद्र खरे, डॉ आभा खरे, डॉ एम पी एन खरे, सीएचएमओ आर पी गुप्ता, आईएमए अध्यक्ष डॉ गायत्री नामदेव, डॉ एच पी अग्रवाल, डॉ अरविंद सिंह, डॉ सतीश चौबे, आईएमए सचिब डॉ ऋषि द्विवेदी, डॉ मनोज चौधरी, डॉ अरुण मिश्रा, डॉ महेश पहारिया, डॉ महेंद्र गुप्ता, स्वतंत्र मिश्रा, आनंद शर्मा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मेडिकल कॉलेज की देखरेख कर रहे इंजीनयर सुनील जैन एवं सामाजिक कार्यकर्ता शंकरलाल सोनी चरण पादुका समिति, पंकज कुमार जैन, प्रकाश जैन, विपिन अवस्थी संगम सेवालाय द्वारा आयोजित कराया गया था।

### निर्वाचन नामावली को त्रुटिरहित बनाने बीएलओ को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की तिथि में संशोधन

छतरपुर। कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म.प्र. भोपाल के पालन में अनुविभागीय अधिकारी(रा.) एवं निर्वा. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र 51 छतरपुर अंतर्गत निर्वाचन नामावली को त्रुटिरहित बनाने के तारतम्य में मतदान केंद्रों 1 से 256 तक बीएलओ मतदान केन्द्रवार प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण की तिथियों में संशोधन होकर 7, 9, 11, 14, 15 एवं 16 जुलाई 2025 को प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक शासकीय उ.विद्यालय क्र.2 छतरपुर में बीएलओ प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनरों, प्रभारी अधिकारियों एवं ऑपरेटरों की ड्यूटी लगाई गई है।

### उप निर्वाचन के लिए मतदान केंद्र स्थापित

छतरपुर। मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप-निर्वाचन वर्ष-2025 (पूर्वार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम घोषणा कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय जिला छतरपुर ने निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार पंच पद के निर्वाचन हेतु मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम-23 (1) के प्रावधानों के अनुसार जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत बड़ामलहरा, राजनगर, बिजावर, बक्सवाहा की ग्राम पंचायतों के लिए मतदान केन्द्रों की स्थापना की है।जनपद पंचायत राजनगर में नांद, बमोरी बहादुर, बेडरी, पीरा, ज.पं. बड़ामलहरा में कुटोरा, बम्होरीखुर्द, मबई, हरदौलपट्टी, झिंगरी, बरेठी, राजापुर, गरखुआं, महाराजगंज, पनाया, ज.पं. बिजावर में अनगौर, देवरा एवं ज.पं. बक्सवाहा में भुजपुरा में पंच पद के लिए मतदान होना है।

### राजनगर के तहसील तिराहे पर मजिस्ट्रेट चेकिंग में वाहनों के हुए चालान



खजुराहो। राजनगर कस्बे के तहसील परिसर तिराहे पर दोपहर लगभग 3 बजे मजिस्ट्रेट चेकिंग हुई, व्यवहार न्यायालय राजनगर के प्रथम वर्ग न्यायाधीश जगत प्रकाश अटल तथा द्वितीय वर्ग न्यायाधीश विष्णु दुबे ने राजनगर तहसील तिराहे से निकलने वाले वाहनों सभी प्रकार के वाहनों को पुलिस अमले से रुकवाकर दस्तावेजों की जांच करते हुए राजनगर पुलिस से वाहन चालकों और वाहनों की यातायात संबंधी नियमों के पालनार्थ चेकिंग करवाई। राजनगर थाना प्रभारी पी.आर.डाबर की मौजूदगी में लगभग 15 से 20 दुपहिया तथा चार पहिया वाहनों सहित एक मिट्टी से भरे ट्रैक्टर पर चालानी करते हुए राजस्व वसूली की गई,न्यायालय द्वारा जुर्माने किए गए साथ ही राजनगर पुलिस थाने से कटी रसीदों में 2300/रुपयों की वसूली हुई। इसी तरह खजुराहो पुलिस थाने की मशीनों से भी रसीदें काटी गई। इस दौरान मजिस्ट्रेट चेकिंग कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी लगते ही आनन फानन में वाहन चालकों ने रास्ता बदल दिया और अधिकतर वाहनों चालकों ने अपने वाहन दूर खड़े कर दिए और लगभग एक घंटे तक चली चेकिंग कार्यवाही का इंतजार किया और चेकिंग बंद होने के बाद अपने अपने वाहनों को लेकर निकले। इस दौरान हर 10 मिनट में फर्राटा भरने वाली बसें नहीं निकली और अवैध बालू से भरे डंफर,तथा ट्रैक्टर भी नहीं दिखाई दिए।

# खैरी गांव में किसान को नग्न कर पेड़ से बांध कर पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी

**वर्ष 2003 में मृतक शंकर पटेल के पिता धर्मदास पटेल की भी इसी तरह हत्या हुई थी**



छतरपुर।

मंगलवार की शाम बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक किसान की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शंकर पटेल (उम्र 46 वर्ष) पुत्र धर्मदास पटेल के रूप में हुई है। फरियादी द्वारा थाने में दी गई सूचना के अनुसार, मृतक को नग्न कर पेड़ से बांधा गया और फिर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय, खजुराहो एसडीओपी, और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की मौजूदगी में घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। शव नग्न अवस्था में खेत के पास पाया गया, जिस पर चोटों और रगड़ के गंभीर निशान मौजूद थे। खेत में जानवर घुसने को लेकर हुआ विवाद प्राथमिक जांच में सामने आया है कि खेत में जानवर घुसने को लेकर विवाद हुआ था, जो धीरे-धीरे हिंसक रूप ले बैठा। यह विवाद इतना बढ़ा कि शंकर पटेल को उनके ही परिवार के कुछ सदस्यों एवं खेत के पास रहने वाले पड़ोसियों ने मिलकर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने इस मामले में कुल 9 आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। इनमें 6 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं। अब तक 3 पुरुषों और 3 महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि बाकी की तलाश जारी है।

इस हत्याकांड को और सनसनीखेज बना देने वाली बात यह है कि 2003 में मृतक शंकर पटेल के पिता धर्मदास पटेल की भी इसी तरह हत्या कर दी गई थी। उस मामले में आरोपी को लगभग 14 साल का कारावास हुआ था। हालांकि, पुलिस का कहना है कि वर्तमान घटना में उस पुराने आरोपी की कोई भूमिका नहीं पाई गई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शव पर मौजूद गंभीर चोटों और निशानों से स्पष्ट होता है कि शंकर पटेल को बर्बरता से मारा गया है। लाठी-डंडों से हमला किए जाने की पुष्टि हो रही है, हालांकि अन्य तथ्य पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी तरह स्पष्ट होंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 7 माह की गर्भवती महिला की मौत

नौगांव। नौगांव शहर के कैफेट एरिया में रहने वाली 7 माह की गर्भवती नवविवाहिता प्रियंका साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने इस मामले में ससुराल पक्ष पर पीट-पीटकर हत्या करने और फिर फांसी पर लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है।



पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराते हुए जांच शुरू कर दी है। हत्या या आत्महत्या—इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छतरपुर जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत थरा गांव निवासी कल्लू साहू की पुत्री मृतका प्रियंका साहू (उम्र लगभग 25 वर्ष) का विवाह तीन साल पूर्व नौगांव निवासी पुष्पेंद्र साहू से हुआ था। शादी के बाद दंपति की एक दो वर्ष की पुत्री भी है और वर्तमान में प्रियंका सात माह की गर्भवती थी।

### फोन पर बताया - मम्मी, ये लोग मार रहे हैं

मृतका की मां मानबाई साहू, पिता कल्लू साहू और भाई कृष्ण साहू ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे प्रियंका ने अपनी मां को फोन कर बताया कि मम्मी, ये लोग मेरे साथ मारपीट कर रहे हैं। इतने में ही प्रियंका के पति पुष्पेंद्र ने कथित रूप से फोन छीन लिया और बात बंद कर दी। इसके बाद परिजनों का प्रियंका से संपर्क नहीं हो सका।

### शाम को पुलिस से मिली बेटी की मौत की खबर

उसी दिन देर शाम पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गई कि प्रियंका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत नौगांव अस्पताल पहुंचे, जहां प्रियंका मृत अवस्था में मिली। प्रियंका के शरीर को देखने पर परिजनों ने दावा किया कि उसके शरीर पर कई चोटों के निशान थे, जिससे शक गहराता गया।

### पुलिस जांच में जुटी, सभी पहलुओं की हो रही पड़ताल

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला बेहद संवेदनशील है और हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह आत्महत्या है या फिर सुनियोजित हत्या।

# भालू की दस्तक से गांव में दहशत का माहौल
## तीन दिन से रामटौरिया क्षेत्र में घूम रहा भालू



घुवारा।

घुवारा के रामटौरिया क्षेत्र में बीते तीन दिनों से एक भालू के विचरण से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। रविवार को तब हड़कंप मच गया जब ग्राम गुल्लनखेरा के पास स्थित गन्ने के खेत में भालू दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद बड़ामलहरा वन परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र में निगरानी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, भालू रामटौरिया और चिरौला छुल्ला की सीमा पर बसे गांव गुल्लनखेरा में एक गन्ने के खेत में दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि भालू जंगल में जलस्रोत और आहार की कमी के चलते भटकता हुआ बस्ती के पास पहुंचा और प्यास बुझाने के लिए गांव के निकट स्थित तालाब तक भी गया। ग्रामीणों ने बताया कि भालू लगातार तीन दिन से क्षेत्र में देखा जा रहा है जिससे ग्रामीण घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ दिन पहले भालू ने ग्राम निवासी 64 वर्षीय कन्हैया आदिवासी पर हमला कर दिया था। हमले में कन्हैया गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें तत्काल इलाज के लिए ग्वालियर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद लोगों में डर और गुस्सा दोनों व्याप्त है।

भालू की खबर मिलते ही बड़ामलहरा वन परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। वनकर्मियों का कहना है कि भालू अभी जंगल से भटककर आया है और यदि कोई उसे उकसाए नहीं तो वह स्वेच्छा से जंगल लौट सकता है। टीम ने भालू की प्रत्यक्ष निगरानी भी की है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की कार्रवाई सिर्फ आश्वासनों तक सीमित है। ग्रामीणों का आरोप है कि भालू को पकडऩे के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिससे गांव के लोगों की सुरक्षा खतरे में है।

### मानव-वन्यजीव टकराव की बढ़ती घटनाएं

यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि जंगलों में जल और आहार की व्यवस्था सुधारना अब नितांत आवश्यक हो गया है। लगातार हो रही मानव और वन्यजीव टकराव की घटनाएं इस बात की चेतावनी दे रही हैं कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

## छतरपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन, जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर को लेकर दिया ज्ञापन



छतरपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सोमवार को छतरपुर में कांग्रेस पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज झूठी एफआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल ने कहा कि यह प्रदर्शन प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत किया गया है। उन्होंने बताया कि 24 जून को जीतू पटवारी छतरपुर जिले के दौरे पर थे और इसके बाद टीकमगढ़ जिले के ओरछा पहुंचे थे, जहां गजराज लोधी ने उनसे अपनी व्यथा साझा की थी। पटवारी ने उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन इसके तीन दिन बाद, 27 जून को भाजपा की ओर से उन पर झूठी एफआईआर दर्ज करा दी गई। उन्होंने इस कृत्य को अनुचित और राजनीति से प्रेरित बताया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेत्री दीप्ती पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की तानाशाही बढ़ती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ओरछा में अशोकनगर से आए दो भाइयों ने अपनी समस्याएं जीतू पटवारी को बताईं, जिन्होंने उनकी मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बावजूद, पटवारी पर प्रलोभन देने के झूठे आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई गई, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि मप्र में भाजपा सरकार पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है और इसका मकसद लोगों में भय पैदा करना है।



## गोपाल टोरिया मार्ग से अतिक्रमण हटाने और आवारा गोवंश को गौशाला में शिफ्ट करने की मांग

छतरपुर।

बजरंग दल द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर दो ज्ञापन सौंपे गए, जिनमें प्रमुख रूप से गोपाल टोरिया मार्ग से अतिक्रमण हटाने और सड़कों पर विचरण कर रही आवारा गौवंश को गौशालाओं में शिफ्ट करने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बजरंग दल के रामगोपाल यादव ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर पूर्व में दो बार ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन जिला प्रशासन और एसडीएम द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिरों तक जाने वाले रास्तों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि गोपाल टोरिया के लिए 20 फीट चौड़ा रास्ता नहीं दिया गया, तो विहिप आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इसी क्रम में विहिप नेता आनंद चतुर्वेदी ने कहा कि सड़कों पर बैठी गायें न केवल खुद खतरे में रहती हैं, बल्कि वाहन चालकों और राहगीरों के लिए भी दुर्घटना का कारण बनती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इन गौमाताओं को गौशालाओं में सुरक्षित रूप से शिफ्ट किया जाए, जिससे जन-धन की हानि को रोका जा सके। बजरंग दल ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## व्यापारी ने खरीदा किसानों से अनाज, अब हो गया फरार
### 30 लाख की बकाया रकम, किसान पहुंचे एसपी दफ्तर

छतरपुर।



बड़ामलहरा क्षेत्र के ग्राम पिपरिया समेत आसपास के गांवों के दर्जनों किसान इन दिनों भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि व्यापारी मनोज उर्फ भोला असाटी पुत्र सरजू प्रसाद असाटी ने अप्रैल माह में उनके खेतों से गेहूं खरीदा, लेकिन आज तक भुगतान नहीं किया गया। एक माह से अधिक समय बीत चुका है और व्यापारी अब फरार हो गया है।

किसान महेन्द्र कुमार दुबे निवासी ग्राम पिपरिया ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से मनोज असाटी के साथ उनका लेन-देन चल रहा था, जिस पर उन्होंने भरोसा कर इस बार भी अपना गेहूं दे दिया। शुरुआत में व्यापारी ने 8 दिन में भुगतान करने की बात कही, फिर 15 दिन और आखिरकार 10 जून की तारीख दी। लेकिन 10 जून के बाद से वह गायब है।

करीब 12 से 13 किसानों को लगभग 30 लाख रुपये की राशि मिलनी बाकी है। पीड़ित किसानों ने बताया कि उन्होंने बड़ामलहरा थाने में एक माह पहले शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस की निष्क्रियता से नाराज़ किसान आज एसपी कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।

ग्राम पिपरिया की महिला किसान ललिता राजपूत ने बताया कि उनके बच्चों का एडमिशन होना है लेकिन पैसे न मिलने के कारण वे बहुत परेशान हैं। व्यापारी द्वारा उनके 80 हजार रुपये भी नहीं लौटाए गए हैं। किसानों का कहना है कि व्यापारी का मोबाइल फोन चालू है और उसके परिजन पिता एवं बहन अभी भी घर पर हैं, लेकिन अब वे भी कोई मदद नहीं कर रहे। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल कार्रवाई करते हुए उनकी मेहनत की कमाई लौटवाई जाए और ऐसे धोखेबाज व्यापारी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉक्टरों को सामाजिक संगठनों ने किया सम्मानित



छतरपुर। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर शहर के समर्पित और सेवा-भाव से कार्य करने वाले वरिष्ठ डॉक्टरों को सम्मानित करने के लिए एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह, मुख्य न्यायाधीश कुटुम्ब राजेश देवलिया एवं सचिब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे न्यायाधीश विष्णु प्रसाद सोलंकी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्य क्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन डॉ. गायत्री नामदेव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक सरोकारों से जुड़े प्रमुख संगठनों चरण पादुका सेवा समिति - स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन से शंकरलाल सोनी, संगम सेवालय से विपिन अवस्थी, भारतीय जैन मिलन पंकज जैन एवं सार्थक प्रयास - संस्थापक जन सहयोग रसोई प्रकाश जैन एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सचिब डॉ ऋषि द्विवेदी एवं सुधीर जैन महावीर मेडिकल के संयुक्त प्रयासों से किया गया।

## आईजी हिमानी खन्ना ने महिला पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनी

छतरपुर। छतरपुर जिले के दौरे पर आईं आईजी हिमानी खन्ना ने बुधवार को महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से संवाद करने के लिए यातायात थाने में आयोजित मासिक संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों से उनकी कार्यस्थल से जुड़ी समस्याएं सुनीं और उन पर गंभीरता से चर्चा की। महिला कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं के बारे में खुलकर बात की, जिनमें कार्यस्थल पर बेहतर माहौल की आवश्यकता, सुरक्षा की कमी और अन्य व्यवस्थाओं की बात शामिल थी। आईजी हिमानी खन्ना ने इन समस्याओं को गंभीरता से लिया और महिलाओं को आश्वासन दिया कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आईजी ने कहा कि यह संवाद कार्यक्रम महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुभवों को समझने और उनके कार्य-परिस्थितियों को बेहतर बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि छतरपुर में आयोजित इस बैठक के माध्यम से महिला पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्यपरिस्थितियां प्रदान करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक (एसपी) अगम जैन, अतिरिक्त एसपी विदित डगर, सीएसपी अमन मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर को भेंट किया गया प्रशस्ति पत्र और मेडल



**रीवा**। पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए रीवा जिले द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में निर्धारित लक्ष्य से अधिक सहयोग राशि देने पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा कलेक्टर रीवा को सम्मानित किया गया। राज्यपाल द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र एवं मेडल कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल पी. गंगा ने भेंट किया। रीवा जिले के लिए 8 लाख 88 हजार 800 रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। रीवा जिले में वर्ष 2023 में 8 लाख 90 हजार 198 रुपए की सहयोग राशि सैनिक कल्याण कोष में जमा की गई।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रीवा**। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 मई से प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो। विद्यार्थी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी।

### कलेक्टर ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की पदस्थापन

**रीवा**। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की पदस्थापना आदेश जारी किये हैं। पी.के. पाण्डेय संयुक्त कलेक्टर को एसडीएम सिरमौर/सेमरिया बनाया गया है जबकि पी.एस. त्रिपाठी संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम रायपुर कर्चुलियान/ मनगवां को एसडीएम त्योंथर बनाया गया है। इसी प्रकार संजय जैन एसडीएम त्योंथर अब एसडीएम रायपुर कर्चुलियान/ मनगवां होंगे तथा राजेश सिन्हा डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम सिरमौर/सेमरिया को कलेक्टर कार्यालय पदस्थ किया गया है।

### 7 दिन में राशि जमा नहीं करने पर निरस्त होगी भूखंड की लीज

**कटनी**। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर निगम ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत 8 पट्टेदारों द्वारा गो-डाउन निर्माण हेतु ए.बी.पी.एस. पोर्टल में कंसलटेंट के माध्यम से ऑनलाईन भवन अनुज्ञा के आवेदन उपरांत निर्धारित डिमांड राशि जमा नहीं किये जाने पर निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा पत्र प्रेषित कर 7 दिवस के अंदर निर्धारित डिमांड शुल्क जमा करने के निर्देश पट्टेदारों को को दिए है। निगमायुक्त श्री दुबे नें ट्रांसपोर्ट नगर योजना के जिन 8 पट्टेदारों को सूचना पत्र प्रेषित किया है उनमें तिवारी ट्रांसपोर्ट के पट्टेदार श्री नितिन तिवारी, न्यू महाभारत रोड लाइन्स प्रोपराइटर राजेन्द्र प्रसाद गर्ग सुशील प्रसाद गर्ग, ट्रांसपोर्ट सर्विस के प्रोपराइटर रामशरण पटेल, जय बजरंग रोडवेज के प्रोपराइटर अजय कुमार सुहाने, शारदा ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन रमेश कुमार नीखर, पाण्डे गुड्स कैरियर सुधा पाण्डेय पति विनय कुमार पाण्डेय, कटनी पब्लिक ट्रांसपोर्ट श्रीमती श्वेता नगरिया पति दीपक कुमार नगरिया, दुबे रोड़ कैरियर राजेश कुमार दुबे का नाम शामिल है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा पट्टेदारों को जारी सूचना पत्र में आगामी 7 दिवस में निर्धारित डिमांड शुल्क नगर निगम कोष में जमा कराकर भवन अनुज्ञा प्राप्त करते हुए शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए है।


## मंदबुद्धि किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, गर्भवती होने पर हुआ खुलासा
### ज़िले में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना, जांच में जुटी पुलिस



रीवा। जिले के जवा थाना क्षेत्र से एक अत्यंत दर्दनाक और संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां मानसिक रूप से अस्थिर एक नाबालिग लड़की के साथ दो युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना लगभग छह माह पुरानी बताई जा रही है, जिसका खुलासा तब हुआ जब पीड़िता के गर्भवती होने के लक्षण दिखाई देने लगे। मिली जानकारी अनुसार पीड़िता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह प्रायः गांव के आसपास भटकती रहती थी।

इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए दो स्थानीय युवकों राहुल चर्मकार और दीपक चर्मकार, दोनों निवासी भनिगवां ने उसे एक सुनसान स्थान पर ले जाकर शारीरिक शोषण किया। घटना के वक्त पीड़िता की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह इस अमानवीय व्यवहार को समझ सके या परिजनों को इसकी सूचना दे सके। गत सप्ताह परिजनों ने किशोरी में हो रहे शारीरिक बदलावों को देखकर चिकित्सा जांच कराई, जिससे गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में किशोरी ने अपने साथ हुई ज्यादती के बारे में जानकारी दी, जिसके आधार पर परिजन उसे लेकर जवा थाने पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।बॉक्स पीड़िता अस्पताल में भर्ती, परिजनों ने गर्भपात की मांग इस बीच, पीड़िता को इलाज के लिए गांधी स्मृति चिकित्सालय (जीएमएच) में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। परिजनों ने मांग की है कि किशोरी की मानसिक व सामाजिक स्थिति को देखते हुए उसका गर्भपात कराया जाए, क्योंकि वह न तो स्वयं के स्वास्थ्य की देखभाल में सक्षम है और न ही किसी नवजात की जिम्मेदारी उठाने की स्थिति में।

## दुर्घटनाएं रोकने के लिए क्योटी जलप्रपात में दी जा रही चेतावनी
### रील बनाने और फोटो खींचने के लिए गहरे पानी में न जाएं पर्यटक




**रीवा**। अच्छी बारिश होने के साथ ही जिले के जलप्रपातों के सौंदर्य में निखार आ गया है। इन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक जलप्रपातों में पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए जलप्रपातों में संकेतक बोर्ड लगाने के साथ-साथ ग्राम पंचायत द्वारा लाउडस्पीकर से चेतावनी दी जा रही है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव प्राची चौबे ने बताया कि क्योटी जलप्रपात में कई स्थानों पर पत्थरों में चेतावनी अंकित कराई गई है। जिन स्थानों में जाने पर दुर्घटना हो सकती है उससे पहले चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं। बोर्ड ऐसे स्थानों पर लगाए जा रहे हैं जहाँ आमजनता की दृष्टि आसानी से चली जाए। ग्राम पंचायत द्वारा पर्यटकों को गहरे पानी और कुण्ड में न जाने की लगातार चेतावनी दी जा रही है। चचाई जलप्रपात में आने वाले कई अंजान पर्यटक भूलवश गहरे पानी में उतरकर अपना जीवन दांव पर लगा देते हैं। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह बोर्ड लगाए गए हैं। इसके साथ-साथ आसपास के पत्थरों पर भी चेतावनी दर्ज की गई है। पर्यटक निश्चित दूरी से ही चचाई जलप्रपात को देखने का आनंद लें। रील बनाने, फोटो खीचने के लिए गहरे पानी में जाने का दुस्साहस न करें। इससे आपके जीवन में संकट आ सकता है।


## ग्राहक को तलाश कर रहा तस्कर, 100 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार, गढ़ पुलिस ने की कार्रवाई

रीवा।



जिले के अवैध नशे के खिलाफ गढ़ थाना पुलिस को एक बार बड़ी कामयाबी मिली है, पुलिस ने बीती रात एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 100 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सूचना मिली थी कि ग्राम घूमा में एक व्यक्ति अपने घर में नसीली कफ सिरप बिक्री करने के लिए रखे हुए है साथ ही ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिस दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी नागेन्द्र पटेल पिता सीताशरण पटेल 27 वर्ष निवासी ग्राम घूमा केरिहायसी मकान की तलाशी ली जहां से करीब 19 हजार 5 सौ रुपए की अवैध 100 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त की है।

## भतीजे ने चाचा पर किया कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला फरार, सेमरिया थाना क्षेत्र के चकदही गांव की घटना



**रीवा**। जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चकदही गांव में मंगलवार को रिश्तों को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। एक युवक ने मामूली कहासुनी के बाद अपने सगे चाचा पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल दीनानाथ शुक्ला (55) को प्राथमिक उपचार के बाद रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, हमलावर सुनील शुक्ला, जो कि घायल का सगा भतीजा है, ने बिना किसी उकसावे के अचानक हमला कर दिया। परिजन इस हमले की वजह को लेकर असमंजस में हैं, क्योंकि परिवार में किसी तरह का पुराना विवाद सामने नहीं आया है,घायल के बेटे अंजनी शुक्ला ने बताया कि वारदात के वक्त घर में सामान्य बातचीत हो रही थी, तभी सुनील ने अचानक टांगी से उनके पिता पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी का व्यवहार पहले से असामान्य रहा है और वह कुछ दिनों पहले एक महिला पर भी हमला कर चुका है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश जारी है।

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार की सुविधा, कमिश्नर को योजना की नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश

रीवा

देश में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी सम्पूर्ण देश में नियमित मॉनीटरिंग कर राज्यों से रिपोर्ट प्राप्त करते हुए सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न योजनाओं एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से जारी गाइड-लाइन्स की समीक्षा कर सर्वोच्च न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है,परिवहन सचिव सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिये नगदी रहित उपचार योजना के क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर्स को निर्देश भी जारी किये हैं। निर्देशों में बताया गया है कि यह स्कीम और गाइड-लाइन्स मई-2025 और जून-2025 में जारी हुई हैं। इसी के साथ मंत्रालय द्वारा यूजर मैनेजमेंट पोर्टल भी जारी किया गया है। निर्देशों में बताया गया है कि सड़क दुर्घटना प्रकरणों में जहाँ दोषी मोटरयान के पास वैध तृतीय पक्ष बीमा कव्हरेज था, उसका भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा साधारण बीमा कम्पनियों के सहयोग से बनाये गये फण्ड से स्टेट हेल्थ एजेंसी (एसएचए) द्वारा अस्पताल के दावे को मंजूरी दिये जाने के 10 दिनों की समयावधि में जिला कलेक्टर्स के अनुमोदन से जिला स्तर पर ही केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित फण्ड से किया जायेगा। योजना में अस्पताल से दुर्घटना तारीख से अधिकतम 7 दिनों की अवधि में प्रति व्यक्ति के लिये एक लाख 50 हजार रूपये तक के उपचार की व्यवस्था है। दुर्घटना में पीड़ति व्यक्ति या उसका परिवार दुर्घटना का विवरण हेल्पलाइन नम्बर 112 में खबर दे सकता है। परिवहन सचिव द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि योजना के क्रियान्वयन के लिये किसी अधीनस्थ अधिकारी को जिम्मेदारी देते हुए इसकी नियमित मॉनीटरिंग जिला स्तर पर की जाये। समस्त संभागायुक्तों को भी निर्देश दिये गये हैं कि महत्वपूर्ण योजना की आवश्यक गतिविधियों की नियमित मॉनीटरिंग की जाये।



## दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण वितरण शिविर बारिश के बाद करें आयोजित - कलेक्टर

**रीवा** । कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि दिव्यांगों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सामाजिक न्याय विभाग तथा जिला रेडक्रास समिति मिलकर प्रयास करें। जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित करें। जिले में कृत्रिम उपकरण के पात्र दिव्यांगों का चयन करके उन्हें कृत्रिम उपकरण प्रदान करने के लिए बारिश के बाद शिविर आयोजित करें। जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के भवन निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल पर रिक्त भूमि का चयन करके आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन कराएं। कलेक्टर ने कहा कि निरामय बीमा योजना का लाभ देने के लिए पात्र दिव्यांगों का चयन कर लें। निर्धारित प्रीमियम की राशि जमा कराकर दिव्यांगों को बीमा सुरक्षा का लाभ दें। बैठक में लीगल गार्जियनशिप के 8 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में 10 किलोवाट तथा वृद्धाश्रम में 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगाने, फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर नियुक्ति तथा जिला रेडक्रास समिति की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में कलेक्टर ने वृद्धाश्रम संचालन के लिए अनुदान राशि के भुगतान तथा दिव्यांगों के पंजीयन के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी तथा सचिव विनोद कुमार श्रीवास्तव ने समिति के कार्यों की जानकारी दी। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बैठक में विभागीय योजनाओं तथा दिव्यांग शिविरों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला रेडक्रास समिति एके खान, महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी, अधिवक्ता संतोष अवधिया, प्रशासनिक अधिकारी डीडीआरसी सुरेन्द्र सिंह, प्रशांत जैन, ट्रस्ट के प्रतिनिधि शशिधरमणि त्रिपाठी तथा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## 2 वर्ष पूर्व हुए तेजाब कांड के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई 10 साल की सजा, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के महियान टोला में हुई थी वारदात



रीवा।

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मालियान टोला में 2 वर्ष पूर्व हुए तेजाब कांड के मुख्य आरोपी को जिला न्यायालय से 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। इस पूरे मामले को लेकर अतिरिक्त लोक अभियोजन डीएन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मालियान टोला निवासी कृष्ण मुरारी सोनी उर्फ कृष्णा सोनी ने नगर निगम के कर्मचारी शाहिद वाल्मीकि, निशांत वाल्मीकि अजय बाल्मीकि और समीर वाल्मीकि के ऊपर गुस्से में आकर मामूली विवाद के चलते तेजाब डाल दिया था। इस तेजाब कांड में चारों युवक बुरी तरह से घायल हुए थे। मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य आरोपीय कृष्ण मुरारी सोनी उर्फ कृष्णा सोनी को 10 वर्ष की सजा सुनाई गई है।

## सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की शिकायतें तत्काल निराकृत करें - कलेक्टर



### समग्र पोर्टल में ई केवाईसी अपडेशन समय सीमा में कराएं - कलेक्टर

**मऊगंज**। कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर स्वयं ध्यान देकर इनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें। राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, गृह विभाग, पीएचई, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करके विभागीय रैंकिंग में सुधार करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी जिलाधिकारी अब ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइलें कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करें। अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई ऑफिस व्यवस्था सात दिवस में लागू कर दें। जो विभाग ई ऑफिस में आनबोर्ड हो गए हैं वे फाइलों का परिचालन इसी माध्यम से करें। शेष कार्यालय जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क करके ई ऑफिस में ऑनबोर्ड कराएं। कलेक्टर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र हितग्राहियों के नाम राशन मित्र पोर्टल से पृथक करें साथ ही शेष हितग्राहियों का 15 जुलाई तक ई केवाईसी अपडेशन अनिवार्य रूप से करा दें। समग्र पोर्टल में ई केवाईसी सत्यापन की गति बहुत धीमी है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी ई केवाईसी अपडेशन में तेजी लाएं। बैठक में कलेक्टर ने कृषि आदान, वर्षाजनित रोगों से बचाव और उपचार की व्यवस्था, पीएम किसान सम्मान निधि तथा जलप्रपातों में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## रतनगवां में भारतीय किसान का कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न



**मऊगंज**। भारतीय किसान संघ तहसील इकाई मऊगंज का कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग रतनगवां गहरवारन में संपन्न हुआ, कार्यक्रम मे प्रांत संगठन मंत्री भारत पटेल का विशेष मार्गदर्शन मे कार्यक्रम का मंच संचालन और ग्राम समितियों के रचनात्मक कार्यों के संबंध में रीवा संभाग सहमंत्री अरुणेन्द्र सिंह ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष हरि शंकर पाण्डेय ने संघ के संस्थापक दांतोंपत ठेगडी ज़ी के जीवन परिचय एवं कृत कार्यो से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। संग़ठन की रीति नीति कैसी है इस विषय पर तहसील अध्यक्ष हनुमना राम कृष्ण मिश्र ने कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान की संगठन की कार्यपद्धति के बारे में जिला सह मंत्री यज्ञनारायण सिंह ने अवगत कराया।जिला कार्यकारिणी से जिला सह मंत्री राम मिलन , विशेष आमंत्रित सदस्य नर्मदा सिंह गहरवार पर्यावरण एवं उद्यानिकी अरुण कुमार शुक्ला, गोपाल एव गौ सवर्धन प्रमुख दसरथ सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य राम निवास पाण्डे, सुरेन्द्र त्रिपाठी कि उपस्थिति रही। कार्यक्रम मे मऊगंज तहसील के 23 ग्राम समितियों कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त किया, कार्यक्रम में देवतालाब और नईगढ़ी के अधिकारी गण भी मौजूद थे। बैठक मे प्रमुख रूप से निम्न विषयों पर चर्चा हुई।

### सभी ग्राम समितियों में वृहद वृक्षारोपण करना

भगवान बलराम जयंती सभी ग्रामों समितियों मे मनाना । आगामी धान खरीदी 3100 रु मे हो इसके लिए आंदोलन करने और नकली खाद, अमानक बीज बेचने वालों पर कार्यवाही हो इसके लिए आंदोलन की तैयारी एवं संगठन विस्तार की योजना पर चिंतन हुआ।